न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : श्री नरेश सोनी, आर.ए.एस

मुकदमा न0 विविध 61/2020

प्रार्थी :–

1. ढलपुरी उर्फ ओमपुरी पुत्र श्री भीमपुरी जाति स्वामी निवासी थान मल्लीनाथ, तिलवाडा, तहसील पचपदरा जिला बाडमेर

बनाम

विप्रार्थी :– 1. गुलाबपुरी पुत्र भीमपुरी जाति स्वामी निवासी थान मल्लीनाथ, तिलवाडा, तहसील पचपदरा जिला बाडमेर

2. राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारक तहसीलदार पचपदरा

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू0–राजस्व अधिनियम 1956 वास्ते रेकर्ड दुरूस्ती

उपस्थित :– 1. श्री बाबूलाल सांखला प्रार्थी वकील

आदेश

दिनांक :– 29.7.2021

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पेश कर जाहिर किया कि खेत खसरा नम्बर 293 रकबा 21.06 बीघा व खसरा नंबर 877/280 रकबा 7.04 बीघा सरहद मौजा तिलवाडा व खसरा नम्बर 161 रकबा 2.13 बीघा, खसरा नंबर 451/268 रकबा 4.15 बीघा सरहद मौजा बोरावास पटवार क्षेत्र तिलवाडा, भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र तिलवाडा, तहसील पचपदरा में स्थित है। प्रार्थी के सभी दस्तावेज में प्रार्थी का नाम ग्राम पंचायम तिलवाडा द्वारा जारी राशन कार्ड, भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड, बिजली विभाग द्वारा जारी विधुत बिल, ड्राईविंग लाईसेंस व ग्राम पंचायत तिलवाडा द्वारा जारी प्रमाण पत्र में ओमपुरी नाम दर्ज है तथा आम बोलचाल की भाषा में प्रार्थी को ढलपुरी के नाम से सम्बोधित किया जाता रहा है। प्रार्थी प्रार्थना पत्र पेश कर प्रार्थी ढलपुरी का नाम दुरूस्ती कर प्रार्थी का सही नाम ओमपुरी पुत्र भीमपुरी अंकित कर राजस्व रेकर्ड में दुरूस्ती करने हेतु निवेदन किया है।

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र दर्ज कर विप्रार्थीगण को सम्मन दिनांक 19.06.2020 को जारी किया गया। विप्रार्थी गुलाबपरी दिनांक 8.7.2021 को स्वंय उपस्थित होकर ईकबाली जबाब व शपथ पत्र अंतर्गत आदेश 18 नियम 4 सी.पी.सी का पेश किया। प्रार्थी ढलपुरी की और से भी शपथ पत्र अंतर्गत आदेश 18 नियम 4 सी.पीसी का पेश कर जाहिर किया की उक्त आराजी भूमि में प्रार्थी का नाम ढलपुरी नाम दुरूस्त कर उसके स्थान पर प्रार्थी का सही नाम ओमपुरी पुत्र श्री भीमपुरी जाति स्वामी निवासी थान मल्लीनाथ, तिलवाडा, तहसील पचपदरा अंकित कर राजस्व रेकर्ड दुरूस्त किया जावें तो प्रार्थी कों कोई आपत्ति नहीं है। तहसीलदार

उप खण्ड अधिकारी (S.D.O.) बालोतरा

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.05.11 18:35:29 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

पचपदरा से दिनांक 29.7.2021 को मौका रिपोर्ट प्राप्त हुई। तहसीलदार पचपदरा के द्वारा प्रार्थी ढलपुरी का सही नाम ओमपुरी होना बताया गया एवं राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती करानें की सिफारिश की गई है । ऐसी स्थिति में प्रार्थी के आवेदन को स्वीकार करने में किसी प्रकार की कोई आपति प्रतीत नहीं की गई।

प्रार्थी स्वयं व प्रार्थी वकील को सुना गया तथा विप्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत ईकबाली जबाब का व तहसीलदार पचपदरा की मौका रिपोर्ट का हमने प्रकरण का गौर से अवलोकन किया एवं प्रार्थी का सही नाम के सम्बन्ध में प्रस्तुत दस्तावेजात में परिचय पत्र, आधार कार्ड, बिजली विधुत विभाग द्वारा जारी बिल, ड्राईविंग लाईसेंस व ग्राम पंचायत तिलवाडा द्वारा जारी प्रमाण पत्र का अवलोकन व अध्ययन किया गया। जिसमे प्रार्थी का सही नाम ओमपुरी पुत्र श्री भीमपुरी दर्ज है । जबकि प्रार्थी की आराजी मौजा खेत खसरा नम्बर 293 रकबा 21.06 बीघा व खसरा नंबर 877/280 रकबा 7.04 बीघा सरहद मौजा तिलवाडा व खसरा नम्बर 161 रकबा 2.13 बीघा, खसरा नंबर 451/268 रकबा 4.15 बीघा सरहद मौजा बोरावास पटवार क्षेत्र तिलवाडा, भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र तिलवाडा, तहसील पचपदरा में ढलपुरी पुत्र श्री भीमपुरी जाति स्वामी निवासी थान मल्लीनाथ, तिलवाडा दर्ज है। इससे स्पष्ट है कि प्रार्थी का सही नाम ओमपुरी है, लेकिन प्रार्थी का नाम राजस्व रेकर्ड में बचपन में बोलचाल मे ढलपुरी दर्ज किया गया है, प्रार्थी ~~व~~, विप्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र व तहसीलदार पचपदरा की जांच रिपोर्ट के आधार पर नाम दुरूस्ती करने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है।

उपरोक्त विवेचन के आधार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर तहसीलदार पचपदरा आदेश दिया जाता है कि खेत खसरा नम्बर 293 रकबा 21.06 बीघा व खसरा नंबर 877/280 रकबा 7.04 बीघा सरहद मौजा तिलवाडा व खसरा नम्बर 161 रकबा 2.13 बीघा, खसरा नंबर 451/268 रकबा 4.15 बीघा सरहद मौजा बोरावास पटवार क्षेत्र तिलवाडा, भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र तिलवाडा, तहसील पचपदरा के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम ढलपुरी पुत्र श्री भीमपुरी के स्थान पर ओमपुरी पुत्र श्री भीमपुरी दुरूस्त किया जावें

Signature Not Verified

Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.05.11 18:35:29
Reason: SelfAttested

(नरेश सोनी)
उपखण्ड अधिकारी,
(एसडीओ) बालोतरा
उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

उपखण्ड अधिकारी (S.D.O.) बालोतरा

आदेश आज दिनांक 29.7.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी,
(एसडीओ) बालोतरा
उप खण्ड अधिकारी

Scanned with CamScanner